मुंबई, कोलकाता, दिल्ली, ठाणे, पालघर, राजस्थान, मिर्जापुर, लखनऊ, इलाहाबाद, वाराणसी, जौनपुर, भदोही, प्रतापगढ़ में वितरित

Visit Us at : www.kadamkadampar.com

# कदम कदम पर

महाराष्ट्र सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त समाचार पत्र

RNI No. : MAHHIN/2014/55126 PR No. : MNE/329/2023-2025 POSTED AT BHANDUP (E) POST OFFICE, MUMBAI-42 ON EVERY TUESDAY संपादक : छोटेलाल शर्मा

वर्ष - 11 | अंक -24 | मुंबई, सोमवार, दिनांक ०४ मार्च से १० मार्च 2024 | पृष्ठ : 04 | कीमत : 3 /- रुपये




## प्रिय पाठकों एवं विज्ञापनदाताओं...




जैसे ही हम गुड़ी पड़वा के शुभ अवसर के करीब आ रहे हैं, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हमारे साप्ताहिक अखबार का एक विशेषांक प्रकाशित करने जा रहे हैं। हम इस खुशी के त्योहार को मनाने के लिए समर्पित एक विशेष अंक प्रकाशित करेंगें।

गुड़ी पड़वा पारंपरिक हिंदू नव वर्ष की शुरूआत का प्रतीक है और पूरे महाराष्ट्र और भारत के अन्य क्षेत्रों में इसका अत्यधिक सांस्कृतिक महत्व है। इस अवसर को मनाने के लिए, हम आपको गुड़ी पड़वा की भावना और मूल्यों से मेल खाने वाले विज्ञापन देकर हमारे विशेष अंक में योगदान करने के लिए आमंत्रित कर रहे हैं।

हमारे प्रकाशन में ज्ञानवर्धक लेख, जीवंत चित्र और आकर्षक सामग्री शामिल होगी जो गुड़ी पड़वा से जुड़ी सांस्कृतिक विरासत, रीति-रिवाजों और परंपराओं पर प्रकाश डालती है। इस विशेष संस्करण में भाग लेने से, आपके ब्रांड को उन पाठकों के व्यापक समूह तक पहुंचने का अवसर मिलेगा जो इस त्योहारी सीजन को मनाने के लिए उत्साहित हैं।

हम पारंपरिक पोशाक, उत्सव की सजावट, घरेलू उपकरणों, उपहार वस्तुओं और किसी भी उत्पाद या सेवाओं से संबंधित विज्ञापनों का स्वागत करते हैं जो समृद्धि, खुशी और नई शुरूआत के विषयों से मेल खाते हैं। हमारे विशेष गुड़ी पड़वा अंक में विज्ञापन देकर, आप न केवल अपने ब्रांड को हमारे वफादार पाठकों के सामने प्रदर्शित करेंगे बल्कि हमारी समृद्ध सांस्कृतिक विरासत को अपनाने और उसका जश्न मनाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता भी प्रदर्शित करेंगे।

हम हमारे आगामी अंक में आपकी उत्साही भागीदारी और आपके ब्रांड को प्रदर्शित करने के अवसर की प्रतीक्षा कर रहे हैं। अधिक जानकारी के लिए या विज्ञापन विकल्पों पर चर्चा करने के लिए कृपया बेझिझक हमसे संपर्क करें। प्रिय पाठकों हमारा मानना है कि यह विशेष अंक विज्ञापन के माध्यम से सहयोग इस क्षेत्र में बहुमूल्य योगदान देगा। प्रिय पाठकों पर कलम सेंटीमीटर के हिसाब से विज्ञापन की दरों को आप लोगों के साथ साझा किया गया है। हम आपको विशेष अंक के प्रकाशन के बारे में प्रचार-प्रसार करने में हमारे साथ शामिल होने के लिए आमंत्रित करता हूं। आपका निरंतर समर्थन हमारे लिए अमूल्य है क्योंकि हम आप सभी के सहयोग से प्रिंट मीडिया के उत्कृष्टता को बढ़ावा देने का प्रयास करते हैं।

धन्यवाद!

सादर

**छोटेलाल शर्मा; मलिक, मुद्रक, प्रकाशक एवं प्रधान संपादक**
**हिंदी साप्ताहिक कदम कदम पर**

### ADVERTISEMENT RATE

| | |
|---|---|
| Back Page Cover | Rs. 18,000/- |
| Inner Cover (1+2) | Rs. 12,000/- |
| Inner page Full | Rs. 10,000/- |
| Inner page Half | Rs. 7,000/- |
| Inner Page Quarter | Rs. 5,000/- |
| Front Page Down Strip | Rs. 5,000/- |
| Classifide | Rs.1000/ |
| Card Size | Rs. 1000/- |

## ड्रग तस्कर शिराजी केस: साढ़े पांच करोड़ की संपत्ति के सिलसिले में ईडी के निशाने पर!




**मुंबई:** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने ड्रग तस्कर अली असगर शिराजी और उसके सहयोगियों की 5.37 करोड़ रुपये की संपत्ति जब्त की है। इसमें सात अचल संपत्तियां शामिल हैं और इनकी कीमत करीब पांच करोड़ रुपये है. ये संपत्तियां फ्लैट, दुकानों और जमीन के रूप में हैं और अली असगर शिराजी, महरीन शिराजी, अब्दुल समद, मनोज पटेल और भावेश शाह के नाम पर हैं। इसके अलावा, ईडी ने कहा कि रुपये की सावधि जमाएं हैं।

मुंबई के जोगेश्वरी पुलिस स्टेशन में नारकोटिक्स कंट्रोल एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था. मामले की जांच क्राइम ब्रांच कर रही है. ईडी उसी मामले को आधार बनाकर मामले की जांच कर रही है. ईडी की जांच में पता चला है कि अली असगर शिराजी और सहयोगी ड्रग सिंडिकेट चला रहे हैं। नशीले पदार्थों को दूरसंचार कंपनियों, लॉजिस्टिक्स कंपनियों, परामर्श कंपनियों और कॉल सेंटर/वेबसाइट संचालित करने वाली नकली दवा कंपनियों के माध्यम से विदेश भेजा गया था। अवैध शिपिंग और अन्य कंपनियों के माध्यम से बिक्री आय का शोधन किया जा रहा था। भारत में कॉल सेंटरों के माध्यम से अमेरिका और ब्रिटेन से नशीले पदार्थों की मांग की सूचना मिली थी। इसके बाद नकली दवा कंपनियां दवाएं खरीद रही थीं। इन्हें लॉजिस्टिक्स कंपनियों द्वारा भारत से बाहर ले जाया जा रहा था। नशीले पदार्थों की बिक्री से प्राप्त आय को वैध बनाने के लिए लॉजिस्टिक्स और कंसल्टेंसी फर्मों के एक नेटवर्क का उपयोग किया गया था। जांच से पता चला है कि इस गिरोह से जुड़ी कई कंपनियां अमेरिका में पेमेंट गेटवे का संचालन कर रही हैं। इसका इस्तेमाल कर यह रकम भारत लाई जा रही थी।

आरोपी अली असगर शिराजी और संबंधित व्यक्तियों और संस्थानों के खातों में भारी नकदी जमा है। ईडी को नशीले पदार्थों की बिक्री से 44 करोड़ 50 लाख रुपये की कमाई की जानकारी मिली है. इससे पहले ईडी ने इस मामले में कई जगहों पर सर्च ऑपरेशन चलाया था. इसमें से करीब 2 करोड़ 90 लाख रुपये के बैंक खाते में जमा राशि, फिक्स डिपॉजिट और सोना जब्त या फ्रीज कर दिया गया है। इस मामले में ईडी ने 5 जनवरी को शिराजी को गिरफ्तार किया था. वह फिलहाल न्यायिक हिरासत में हैं.

## नवी मुंबई: चीनी खरीद लेनदेन में 60 लाख 71 हजार रुपये की धोखाधड़ी




**नवी मुंबई:** चीनी खरीदने के मामले में कोलकाता के एक कारोबारी से नवी मुंबई के तीन लोगों द्वारा 60 लाख 71 हजार 500 रुपये की ठगी किये जाने की बात सामने आयी है. इस मामले में चीनी विक्रेता और दो अन्य एजेंटों के खिलाफ एनआरआई पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। आरोपियों के नाम दीपक कुमार, गौरव मक्कड़ (दोनों एजेंट) साजिद चीनी विक्रेता हैं। इस मामले में वादी उत्तमकुमार बोस हैं जो कोलकाता में रहते हैं। उत्तमकुमार विदेशों में चीनी निर्यात कर रहे हैं। ऐसे ही एक लेनदेन में उसका परिचय गौरव मक्कड़ से हुआ। अप्रैल 2023 के आसपास, मक्कड़ ने उत्तमकुमार को प्रस्ताव दिया कि मांग के अनुसार 135 टन चीनी भेजी जानी चाहिए। हालाँकि, जब यह सवाल उठा कि इतनी चीनी एक साथ कहाँ से मिलेगी, तो मक्कड़ ने नवी मुंबई में गुवेन ट्रेडर्स के साजिद का नाम सुझाया। साजिद ने कहा कि वह इतनी चीनी सप्लाई कर सकता है।

## फर्जी लोन दिलाने वाले रैकेट का भंडाफोड़, मनपा की दो उपशिक्षिका निलंबित




**भिवंडी :** भिवंडी मनपा शिक्षण विभाग द्वारा संचालित स्कूलों में उपशिक्षिका के रूप में कार्यरत दो महिला शिक्षकों द्वारा फर्जी शिक्षकों के नाम पर लोन दिलाने हेतु चलाए जा रहे रैकेट का पदार्फाश हुआ है। जिसके उजागर होने के बाद मनपा आयुक्त ने उक्त दोनों महिला शिक्षिकाओं को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जिनके द्वारा अब तक फर्जी शिक्षकों के नाम पर बोगस दस्तावेज तैयार कर दर्जनों लोगों के साथ लाखों की धोखाधड़ी किया जा चुका है। शिक्षिकाओं के इस रैकेट में शिक्षण विभाग के अधिकारियों के साथ बैंककर्मियों की संलिप्तता से इंकार नहीं किया जा सकता। इस मामले के उजागर होने से शहर में तरह तरह की चचाएं व्याप्त है। भिवंडी मनपा सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मनपा शिक्षण विभाग द्वारा संचालित स्कूल क्रमांक 8 में हुमा अहमद नाशिककर तथा स्कूल क्रमांक 11 में अकीला मो हसन, उपशिक्षिका के रूप में कार्यरत है।




**मुंबई में सांसद श्री गोपाल शेट्टी जी से छत्रपति शिवाजी महाराज उपलब्धि पुरस्कार 2024 सतिंदर पाल सिंह आहूजा (अध्यक्ष - आहूजा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज) प्राप्त करना सम्मान की बात...**




**मुंबई में शिवाजी जयंती समारोह में सतिंदर पाल सिंह आहूजा (अध्यक्ष - आहूजा ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज)**



**मुंबई के नए ट्रैफिक विभाग के ज्वाइंट सीपी श्री अनिल कुंभारे साहेब जी का रिचा इंटरनेशनल में स्वागत करते हुए श्री राजू भाई जैन एवं श्री हौसला प्रसाद गुप्ता जी.**



## संपादकीय

छोटे लाल शर्मा, प्रधान संपादक

# मुद्दा चीन के लाल झंडे का

तमिलनाडु में सत्तारूढ़ पार्टी द्रमुक न केवल सनातन-विरोधी है, बल्कि भारत-विरोधी भी है। संविधान धार्मिक आस्था और पूजा-पद्धति की अनुमति तो देता है, लेकिन भारत-विरोध का कोई प्रावधान नहीं है। भारत-विरोध के मायने हैं कि आप देश की संप्रभुता, एकता, अखंडता और राष्ट्र के तौर पर अपमान कर रहे हैं। कोई साजिश रच रहे हैं। उन्हें चुनौती दे रहे हैं। यह सरासर देशद्रोह है और नई न्याय संहिता में इस अपराध की सजा स्पष्ट हो जाएगी। यह संहिता 1 मार्च से देश भर में लागू हो रही है। द्रमुक सरकार ने एक विज्ञापन छपवाया है, जो इसरो लॉन्च पैड से संबंधित था। विज्ञापन में प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री स्टालिन के चित्र छपे थे। उनके बीच एक रॉकेट पर चीन का लाल झंडा छापा गया था। विज्ञापन सरकारी और देश के प्रधानमंत्री के चेहरे के साथ छापा गया था। तमिलनाडु अखंड और आजाद भारत का एक राज्य है। द्रमुक भी भारतीय निर्वाचन आयोग में पंजीकृत एक राजनीतिक पार्टी है। उसे उस जनता का जनादेश प्राप्त है, जो भारत के तमिलनाडु में रहती है। उसी जनता के टैक्स से सरकारें चलती हैं और सरकारी विज्ञापन छपवाए जा सकते हैं। तो सवाल है कि इसरो से जुड़े विज्ञापन में चीन का झंडा क्यों छापा गया? यह भारत देश, इसरो के वैज्ञानिकों, इसरो की अंतरिक्ष में उपलब्धियों का सार्वजनिक अपमान है। खुद प्रधानमंत्री मोदी ने बेहद आक्रामक अंदाज में, तमिलनाडु में जनसभा को संबोधित करते हुए, यह मुद्दा उठाया और कहा कि द्रमुक सरकार ने तमाम हदें पार कर दी हैं। बेशक मुख्यमंत्री स्टालिन और द्रमुक की वैचारिकता वामपंथी हो सकती है, वे उसी के आधार पर वोट भी मांग सकते हैं, लेकिन सरकारी काम संविधान से ही संचालित होते हैं और संविधान किसी भी स्तर पर चीन के झंडे के सरकारी इस्तेमाल की इजाजत नहीं देता। यह संविधान का ही प्रावधान है कि विदेश, रक्षा, वित्त और संचार से जुड़े विशेषाधिकार भारत सरकार के पास ही होंगे। उस तरह द्रमुक सरकार ने संविधान का भी उल्लंघन किया है। संविधान के खिलाफ जाकर कोई भी सरकार अस्तित्व में नहीं रह सकती। सवाल है कि तमिलनाडु की द्रमुक सरकार के खिलाफ कोई संवैधानिक कार्रवाई भारत सरकार करेगी या चीख-चीख कर भाषण देने से ही काम चलाया जाएगा? मुख्यमंत्री के मंत्री-पुत्र, द्रमुक के मंत्रियों-सांसदों ने सनातन धर्म को गालियां दीं, उसके समूल नाश की हुंकारें भरीं और उसके लिए भद्दे उपमान भी इस्तेमाल किए गए, तो भी उन्हें सहन कर लिया गया। अलबत्ता हर स्तर पर थू-थू कर द्रमुक नेताओं की खूब आलोचनाएं जरूर की गईं। यदि तमिलनाडु वाकई सनातन-विरोधी है, तो वहां भगवान श्रीराम के प्राचीन और पूजनीय, विख्यात मंदिर क्यों हैं? उन मंदिरों में ह्यरामायणह्न के पाठ और पूजा लगातार क्यों होती रहती है? तमिल लोग भगवान शिव की आराधना के लिए काशी क्यों आते रहते हैं? किसी द्रमुक नेता ने बयान दिया कि चीन भारत का दुश्मन देश घोषित नहीं किया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने भी चीन के प्रधानमंत्री को भारत आने का आमंत्रण दिया था। यह बयान हास्यास्पद है। यदि चीन दुश्मन देश नहीं है, तो क्या इसरो के प्रोजेक्ट पर उसका लाल झंडा लगने दें? दरअसल चीन को लेकर हमारे देश में कई तरह की सोच हैं। जब शी जिनपिंग तीसरी बार चीन के राष्ट्रपति बनाए गए, तो हमारे प्रधानमंत्री ने उन्हें शुभकामनाएं तक नहीं भेजी थीं। उन्हें पता था कि किस तरह चीन की कम्युनिस्ट पार्टी में ऐसा प्रस्ताव पारित किया गया और किस तरह संविधान में संशोधन कर शी की ताजपोशी की गई। लेकिन केरल के मुख्यमंत्री पी. विजयन ने शी जिनपिंग को न केवल बधाई भेजी, बल्कि सोशल मीडिया पर भी एक बयान लिखा। वामपंथी दल और कांग्रेस की राजनीतिक सोच भी चीन के प्रति ऐसी रही है। बहरहाल अब मुद्दा चीन के लाल झंडे का है।

# महिला सम्मान।

**मुंबई,** चेम्बूर सुभाष नगर भाजपा की पूर्व नगर सेविका और दक्षिण मध्य मुंबई जिला भाजपा महिला मोर्चा की अध्यक्षा आशा सुभाष मराठे को विलेपार्ले पंचतारा होटल आर्चीड में नवराष्ट्र मीडिया समूह की तरफ से भाजपा सांसद पूनम प्रमोद महाजन के हाथों ट्रॉफी देकर २०२४ की महिला आदर्श नगर सेविका पुरस्कार से सम्मानित किया गया।




इस अवसर पर शीतल म्हात्रे (शिवसेना शिंदे उपनेता व प्रवक्ता) किशोरी शहाने(सुप्रसिद्ध अभिनेत्री) के अलावा कई गणमान्य लोग उपस्थित थे।

बतादें कि आशा सुभाष मराठे को प्रजा फाउंडेशन ने २२७ में टॉप टेन में ६ क्रमांक का पुरस्कार देकर उन्हें समानित किया था।इसके अतिरिक्त लोकमत मीडिया ने भी उन्हें करतुत्व नारी का सम्मान से सम्मानित किया है।

**फोटो:कपिलदेव खरवार**

# अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति नंबर 1 ने किया केन्सर पीडित पेशन्टस को भोजन वितरण



**मुंबई,** मुंबई में शनिवार दिनांक 2 मार्च 24, दोपहर 12 बजे गाडगे महाराज धरमशाला,दादर क्रॉस लेन,दादा साहेब फालके मार्ग,रंजीत स्टुडियो के पास, दादर (ईस्ट) पर अग्रोहा विकास ट्रस्ट समिति नंबर 1 द्वारा केन्सर पीडित पेशन्टस को तथा उनके परिवारजनो के लिए भोजन वितरण का आयोजन किया गया । इस कार्यक्रम के मुख्य यजमान श्रीमती शारदा देशबंधु कागजी थी। इसके अलावा संस्था के सदस्यो ने सपत्नीक समय से पहुँच कर सद्कार्य में उपस्थित रहकर अपनी सेवाएं दी थीं। ऐसा संस्था सचिव अरुण कुमार बुबना ने बताया था ।

# मुंबई के अस्पताल की बड़ी लापरवाही, परिजनों को गलत शव भेजा, इस तरह हुआ खुलासा

## मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल की बड़ी लापरवाही... परिजनों को भेजा गलत शव

**मुंबई,** एक अस्पताल से ऐसी खबर आई है कि आप भी पढ़कर चौंक जाएंगे. एक परिवार ने आरोप लगाया है कि उन्हें कोल्हापुर में उनके रिश्तेदार के शव की जगह किसी और का शव मिला है. दाह संस्कार स्थल पर किसी और के शव देखकर सभी हैरान रह गए थे.

मृतक कृष्णत महादेव पाटिल, वरांगे पडाली गांव के 45 वर्षीय स्कूल कर्मचारी थे, जिन्हें शुरू में खून की उल्टी के कारण स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया था. मुंबई के टाटा मेमोरियल अस्पताल में रेफर करने पर, बिस्तर की अनुपलब्धता के कारण उन्हें एक निजी अस्पताल में भेज दिया गया. दुर्भाग्यवश, कुछ दिनों बाद उनका वहीं निधन हो गया.

**इस तरह हुआ खुलासा**

पाटिल के निधन के बाद, उनके शव को अंतिम संस्कार के लिए उनके गांव ले जाने से पहले दो दिनों तक अस्पताल के शवगृह में रखा गया था. मृतक के बहनोई जयसिंह मुसाले ने कहा, ''हमने एक एम्बुलेंस की व्यवस्था की और शव को गुरुवार दोपहर अपने गांव ले आए.''

# दोहरा बेचने वालों के खिलाफ जबरदस्त एक्शन कई स्थानों पर छापेमारी

**जौनपुर,** जिला प्रशासन के तरफ से प्रतिबंध के बावजूद जिले में दोहरा की बिक्री जारी है दोहरे से कैंसर जैसे भयंकर बिमारी से लोग ग्रसित हो रहे हैं इस वजह से कई परिवार। अब तक काल के गाल में समा चुके हैं एसे मे जनता की मांग पर मानवधिकार सुरक्षा संरक्षण ऑगेर्नाइजेशन के द्वारा जिले में दोहरा के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है दोहरा बेचने वाले में



हड़कंप मचा हुआ है मानवाधिकार की संगठन ने जिला प्रशासन और जिला आधिकारी को पत्र देकर जिले में पूर्ण रूप से दोहरा बंद कराने की मांग किया है

मानवाधिकार संगठन को जिला आधिकारी व पुलिस अधीक्षक जिले में सभी थानों को निर्देश दिए है कि जिले में दोहरा बेचता हुआ कोई भी व्यक्ति मिलता है तो उस पर कड़ी कार्रवाई हों मानवाधिकार के टीम के द्वारा पुलिस बुलाकर कई स्थानों पर छापा मारवा कर दोहरा पकड़वाने का काम कर रही हैं मानवधिकार के बताएं हुऐ स्थानों पर पुलिस ने छापा मारकर दोहरा सहीत कई लोगो को गिरफ्तार कर थाने ले गई

राष्ट्रीय हिंदी साप्ताहिक समाचारपत्र
**कदम कदम पर**
संरक्षक
**जे.पी. शर्मा**
संपादक
**छोटेलाल शर्मा**
०९८१९८६२१७२
प्रबंध संपादक
**अनिल शर्मा**
०९८३३३२९७२१
उप संपादक
**हरिशंकर शर्मा (मुन्ना)**
**राजन शर्मा**
**शंकर शर्मा (शिवा)**
मीडिया प्रभारी, उत्तर प्रदेश।
आर्थिक सलाहकार
**सतीशचंद्र गुप्ता**
प्रतिनिधि
**सौरभ उमेश प्रताप सिंह**
**राजेश कुमार शर्मा**
**कानूनी सलाहकार**
**एड. बी.एम. शर्मा**
**एड. आर. आर. शर्मा**
**एड. भाष्करानंद द्विवेदी**
मो. ९४५२७९१५७०
**(न्याय क्षेत्र मुंबई)**
**सभी पद अवैतनिक हैं**
व्हॉट्सएप नं. ९८३३२३५०६३

# मुंबई कांग्रेस विचार विभाग में हुई नई नियूक्तियां, तालुका उपाध्यक्ष का जन्मदिन मनाया गया



**मुंबई/ रिपोर्ट स्पर्श देसाई** मुंबई कांग्रेस विचार विभाग में कालिना तालुका उपाध्यक्ष यूसुफ बेग का केक कट कर जन्मदिन मनाया गया और मकरंद हिंज को उपाध्यक्ष दक्षिण मुंबई जिले के पद पर शार्दुल हिंज को तालुका अध्यक्ष के पद पर और आम्रपाली देवेंद्र को मुंबई के संयुक्त सचिव के पद पर नियुक्त किया गया । उस वक़्त मुंबई कांग्रेस विचार विभाग के अध्यक्ष राकेश यादव, उपाध्यक्ष इरशाद खान, महासचिव मंगेश कड़ु, सचिव सुनील यादव,एमडी बनारसी साह,सचिव बीबी बेगम, सोशल मीडिया संयोजक व पत्रकार स्पर्श देसाई और रहीस खान के साथ दूसरे कार्यकर्ता लोग मौजूद थे ।



**मशरूम उत्पादन में उत्कृष्ठ कार्य के लिए मुख्य विकास अधिकारी श्री यशवन्त सिंह जी उप कृषि निदेश जिला उद्यान अधिकारी श्रीमती मालती यादवजी द्वारा सम्मानित समान चिन्ह व साल देकर आप लोगो का हृदय से आभार श्री प्रमोद कुमार त्रिपाठी, गौरव शर्मा मिडिया धनापुर बाहरी जिला भदोही.**



# मुंबई/ पैसे लेकर भी नहीं शुरू हुआ बिल्डिंग का काम

## दो बिल्डर को पुलिस ने किया गिरफ्तार



**मुंबई :** आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने लोगों से पैसे लेकर प्रोजेक्ट शुरू न करने के मामले में दो बिल्डर को गिरफ्तार किया है। दोनों ने मिलकर फ्लैट बुकिंग के नाम पर 11.59 करोड़ रुपए ले लिए। सालों बीत जाने के बाद भी प्रोजेक्ट जब नहीं शुरू हुआ, तब लोगों ने ईओडब्ल्यू से संपर्क किया और मामले में एफआईआर दर्ज की गई। गिरफ्तार किए गए बिल्डरों का नाम सुरेश श्रॉफ (72) और मनोज शाह (65) है। अदालत में पेशी के बाद दोनों को पुलिस हिरासत में भेजा गया है। ईओडब्ल्यू से मिली जानकारी के मुताबिक, एसवीके परिजेक्ट्स एलएलपी नामक कंपनी विलेपार्ले में नई बिल्डिंग बनाने जा रही थी और इसके लिए उसने लोगों से बुकिंग के पैसे भी ले लिए थे। काफी समय बीत जाने के बाद भी इस कंपनी ने प्रोजेक्ट पर काम भी शुरू नहीं किया था। इसलिए इनपर कार्रवाई की गई है।

एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि बिल्डर विलेपार्ले पश्चिम में सन विजन स्प्लेंडर नाम का प्रोजेक्ट शुरू करने वाला था। इस बिल्डिंग में घर खरीदने के इच्छुक लोगों ने बुकिंग कराई और पैसे भी चुकाए। इन लोगों ने साल 2015 में बिल्डर के अकाउंट में बुकिंग अमाउंट जमा कर दिया था, लेकिन 2024 के बाद भी बिल्डर ने इन लोगों को कोई घर नहीं दिया।

# अमृत भारत योजना देशभर के रेल यात्रियों के लिए प्रभावी साबित होगी- मंगेश कुंडलकर

## अमृत रेल योजना के तहत कुर्ला रेलवे स्टेशन का होगा काया पलट सौंदर्यकारण की शक्ल मे...

**मुंबई ( फिरोज सिद्दीकी )** भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमृत भारत रेलवे योजना को रेल यात्रियों के लिए प्रभावी साबित होगी। इसके तहत मुंबई के सबसे व्यस्थम रेलवे स्टेशनों मे शुमार कुर्ला रेलवे स्टेशन का सौंदर्य कारण किया जायेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की संकल्पना को राज्य के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नाविस, अजीत पावर संकल्पना को जमीन पर उतार करेंगे साकार। ऐसा प्रति पदान मीडिया से बातचीत करते हुए कहा की देश के प्रधानमंत्री



140 एक अरब चालीस करोड़ जनता का प्रवास सुखद बनाने के लिए संपूर्ण देशभर के रेलवे स्टेशनों की काया पलट सौंदर्य कारण कर के करने वाले है। जिसको लेकर महाराष्ट्र के यशस्वी मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़नाविस, अजीत पावर के महाराष्ट्र को विकसित प्रदेश बनाने की संकल्पना को साकार राम देने मे लगे है। जिसके कारण मुंबई उपनगर के सबसे व्यवस्थम रेलवे स्टेशनों की कातार मे शामिल कुर्ला रेलवे स्टेशन का होगा सौंदर्य कारण किस प्रकार होगा अमृत योजना के तहत रेलवे स्टेशन की काया पलट -1कुर्ला स्टेशन पूर्व व पश्चिम की ओर उत्कृष्ट प्रवेशद्वार बनाया जायेगा-2 कुर्ला स्टेशन के दोनों ओर टिकीट घर नये तरीके से बनाया जायेगा।3- कुर्ला स्टेशन के सभी प्लेटफॉर्म सुशोभित किये जायेंगे।-4रेलवे यात्रियों के लिए प्रसाधन गृह बनाये जायेंग-5 वहीं इसके अलावा रेलवे परिसर का सुशोभीकरण किया जायेगा। जिसको लेकर चर्चा करने के लिए मंडळ रेल्वे प्रबंधक रजनीश कुमार गोयल से, समेत सिनिअर मंडळ अभियंता कुलश्रेष्ठ व संबंधित अधिकारियों की भेंट कर चर्चा किया।

# सरकार में लूट और सिर्फ लूट की स्पर्धा चल रही है - विजय वेटेड्डीवार

**मुंबई:** महाराष्ट्र सरकार का पांच दिवसीय बजट सेशन शुक्रवार (1 मार्च) को खत्म होने के बाद विपक्ष के नेता विजय वेटेड्डीवार ने सीएम एकनाथ शिंदे पर पर जोरदार हमला बोला है. उन्होंने आरोप लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र सरकार का यह बजट 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' है. इस बजट में जितनी भी योजनाओं के लिए पैसा आवंटित करने की बात की गई है, उसका इस्तेमाल आने वाले चुनाव में होगा ऐसा हमे आशंका है.

विपक्ष के मुताबिक इस बजट में सिर्फ मोदी का गुड़गान किया गया है. किसानों को उनके फसल की दर सही नहीं मिल रही, लेकिन उस पर कोई फैसला नहीं लिया गया. बेमौसम बरसात से किसानों का नुकसान हुआ, उसपर राहत की कोई घोषणा नहीं की गई. हमने कई मुद्दों पर बात रखी, लेकिन कुछ भी सुना नहीं गया. पीएम मोदी के किसी भी गारंटी की बात नहीं हुई न ही उसपर कोई जवाब दिया गया

# महाराष्ट्र का एक व्यक्ति पुणे में 2 करोड़ से अधिक मूल्य की नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार



**पुणे:** एक बड़ी कार्रवाई में, पुणे पुलिस ने पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ से 2 करोड़ रुपये से अधिक मूल्य की 2.38 किलोग्राम ड्रग्स के साथ एक 32 वर्षीय व्यक्ति को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान 32 वर्षीय नमामि शंकर झा के रूप में हुई है, जो बिहार राज्य का रहने वाला है। एक अधिकारी ने कहा, 'शहर पुलिस, जो अब पिंपरी-चिंचवड़ पुलिस है, हरकत में आई और 2,02,00,000 रुपये मूल्य की 2.38 किलोग्राम एमडी ड्रग्स जब्त की और शुक्रवार को पुणे जिले के पिंपरी चिंचवड़ के पिंपल निलख इलाके से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।' पुलिस उपायुक्त (डीसीपी), शिवाजी पवार के अनुसार, 'आरोपी की गिरफ्तारी तब हुई जब स्थानीय क्षेत्र के सांगवी पुलिस स्टेशन के ऑन-ड्यूटी सहायक पुलिस निरीक्षक नारायण पाटिल ने एक सफेद कैरी बैग के साथ उसकी संदिग्ध हरकत देखी।

# मीठी नदी चौड़ीकरण में बाधक बने 672 झोपड़ों को मनपा ने किया जमींदोज...

## 500 मीटर का परिसर हुआ खाली

**मुंबई :** मीठी नदी चौड़ीकरण में बाधा बने 672 झोपड़ों को मनपा एच पूर्व वार्ड ने तोड़क कार्रवाई करते हुए जमींदोज कर दिया। मनपा द्वारा तोड़क कार्रवाई 29 फरवरी और 01 मार्च को की गई। इस कार्रवाई के कारण मीठी नदी के किनारे का लगभग 500 मीटर हिस्सा खाली हुआ है। मनपा को अब मीठी नदी की चौड़ाई 40 मीटर से बढ़ाकर 100 मीटर करने में मदद मिलेगी। मनपा प्रशासन ने मीठी नदी में जाने वाले दूषित पानी की समस्या दूर करने और प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए बड़े पैमाने पर प्रयास किया जा रहा है। उसके तहत चौड़ीकरण, गहरीकरण, सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण, सर्विस रोड का निर्माण और छोटी नालियों से मीठी नदी में जाने वाले गंदे पानी को साफ कर मीठी नदी में छोड़े जाएं का काम किया जा रहा है। इन सब कामों में मीठी नदी के किनारे बने झोपड़े बाधा बन रहे थे। मनपा इन झोपड़ों को हटाने के लिए समय-समय पर कार्रवाई की जाती रही



है। मनपा ने अक्टूबर 2023 में बख्शी सिंह कंपाउंड के पास के झोपड़ों को किया। दो दिन की कार्रवाई से मीठी नदी किनारे के करीब 500 मीटर हिस्सा साफ हो गया। अब इस क्षेत्र में मीठी नदी को चौड़ीकरण गहरीकरण, सुरक्षात्मक दीवार का निर्माण, सर्विस रोड का निर्माण और छोटे नालों से मीठी नदी में छोड़े जाने वाले दूषित पानी को प्रक्रिया करने का केंद्र बनाया जा सकेगा।

# 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का मास्टरमाइंड आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत !

**मुंबई :** आतंकी आजम चीमा की पाकिस्तान में मौत की खबर है. चीमा 2006 मुंबई ट्रेन ब्लास्ट का मास्टरमाइंड था. बताया जा रहा है चीमा को फैसलाबाद में दिल का दौरा पड़ा. इसके बाद उसकी मौत हो गई. आजम चीमा लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) का इंटेलिजेंस चीफ था. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक आजम चीमा 2008 के मुंबई आतंकी हमलों का मुख्य साजिशकर्ता था और 2006



में मुंबई में हुए ट्रेन बम धमाकों का मास्टरमाइंड था. ट्रेन में हुए बम धमाकों में 188 लोग मारे गए थे और 800 से ज्यादा लोग घायल हुए थे. अमेरिकी सरकार के मुताबिक 2008 के हमलों को अंजाम देने वाले आतंकवादियों को आजम चीमा ने ट्रेनिंग दी थी. इस हमले में 6 अमेरिकियों सहित कुल 166 लोगों की मौत हुई थी. मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चीमा का अंतिम संस्कार फैसलाबाद के मलखानवाला में किया गया. 26 नवंबर 2008 को 10 पाकिस्तानी आतंकवादी समुद्री रास्ते से दक्षिण मुंबई इलाके में दाखिल हुए और ताज महल पैलेस होटल समेत कई जगहों पर हमला किए.

# अंबरनाथ में पत्नी ने सुपारी देकर कराई पति की हत्या!

## हत्या के आरोप में चार लोग गिरफ्तार




**अंबरनाथ :** अंबरनाथ में अपने 48 वर्षीय पति की कथित तौर पर हत्या करने के आरोप में एक महिला, उसके प्रेमी और सुपारी लेकर हत्या करने वाले एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। अंबरनाथ पुलिस थाने के वरिष्ठ निरीक्षक जगन्नाथ कालसकर ने बताया कि 25 फरवरी को हुई हत्या के सिलसिले में पुलिस ने एक लड़के को भी हिरासत में लिया है, जिसने सुपारी लेकर हत्या करने वाले व्यक्ति का साथ दिया था।

उन्होंने बताया कि महिला का पति रमेश झा पिछले रविवार रात करीब साढ़े नौ बजे अपने कार्यस्थल की ओर जा रहा था तभी आरोपियों ने उसे अंबरनाथ-बदलापुर रोड पर एक भोजनालय के पास रोक लिया और उसपर कई बार चाकू से हमला किया जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। अधिकारी ने कहा कि खुफिया जानकारी के आधार पर आखिरकार पुलिस ने आरोपियों का पता लगा ही लिया। उन्होंने कहा कि जांच के दौरान यह पता चला कि मृतक की पत्नी 10 साल दिल्ली में रही थी और आरोपी के साथ उसके संबंध थे। शादी होने पर अंबरनाथ आने के बाद भी उसका संबंध कायम रहा। अधिकारी ने बताया कि जब महिला के पति को इस बारे में पता चला तो उसने इसका विरोध किया, इसके बाद महिला ने उसे खत्म करने की साजिश रची और इस काम के लिए सुपारी लेकर हत्या करने वाले एक अपराधी से संपर्क किया। वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों अपराधी दिल्ली भाग गए। इस सूचना के आधार पर, अंबरनाथ पुलिस की एक टीम राष्ट्रीय राजधानी गई और वहां दोनों को पकड़ लिया। जबकि महिला और उसके मित्र को अंबरनाथ से पकड़ा गया। पुलिस अधिकारी ने कहा कि तीनों को गिरफ्तार करने के बाद उन्हें स्थानीय अदालत में पेश किया गया।

# मार्च में ही मई का एहसास करा रही गर्मी...

## एमएमआर में पारा का स्तर 40 डिग्री तक पहुंचा



**मुंबई :** मुंबई, कर्जत, ठाणे, पालघर और कोंकण बेल्ट के कई अन्य क्षेत्रों सहित मुंबई मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र (एमएमआर) में पारा का स्तर 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया है। मौसम विज्ञानियों का कहना है कि गर्मी का मौसम कुछ और दिनों तक बना रहेगा, इससे पहले कि तापमान थोड़ा कम हो जाए। गुरुवार को मुंबई की सांताक्रूज वेधशाला में अधिकतम तापमान 37.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि कोलाबा में 35.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। हालांकि, ये क्षेत्र कर्जत, ठाणे और बदलापुर की तुलना में अपेक्षाकृत ठंडे थे, जहां तापमान क्रमशः 41C और 40C(प्रत्येक) तक बढ़ गया था। वैगरीज ऑफ द वेदर के राजेश कपाड़िया ने इसे 'रोलरकोस्टर मौसम कहते हुए कहा, 37.5 डिग्री सेल्सियस से अधिकतम 15 डिग्री सेल्सियस तक, तापमान रोलरकोस्टर पर लगता है।

कुछ दिनों तक मौसम सामान्य तापमान से अधिक गर्म रहता है और उसके बाद कुछ दिनों तक मौसम ठंडा रहता है। फिलहाल मुंबई में यही स्थिति है। उन्होंने कहा, इसका मतलब है कि अधिकतम तापमान गिरकर 31-32 डिग्री सेल्सियस हो जाएगा।

# बेटी के जन्म पर बरही कार्यक्रम रख कर बेटी और बेटे के भेदभाव को मिटाने का दिए नया संदेश




भदोही,भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा समिति संस्था की भदोही जिले के सभी सम्मानित पदाधिकारी ने आज भीकमपुर ग्राम सभा में मोहित शर्मा ब्लॉक अध्यक्ष अबोली के नातिन के बरही के कार्यक्रम में उमड़ा जन सैलाब प्रयागराज जौनपुर मिजार्पुर संस्था के सभी सम्मानित पदाधिकारी ने पहुंचकर बरही कार्यक्रम में बेटी हर सीता को आशीर्वाद दिया जिसमें माननीय जिला अध्यक्ष भदोही कैलाश नाथ शर्मा के नेतृत्व में भाई रामनारायण शर्मा जिला महासचिव जी सर्व सम्मानित भाई आशीष शर्मा जी प्रयागराज जिला महासचिव संदीप शर्मा जी मंडल अध्यक्ष वाराणसी भाई अवधेश शर्मा धीरज शर्मा तहसील संगठन मंत्री जी भाई रजनीश शर्मा ज्ञानपुर तहसील अध्यक्ष जी भाई महेंद्र शर्मा धन तुलसी आज सभी सम्मानित पदाधिकारी ने आज मोहित शर्मा के यहां पहुंचकर बेटी के जन्मोत्सव के शुभ अवसर पर बरही के कार्यक्रम में आशीर्वाद प्रदान किया बहुत-बहुत धन्यवाद संस्था संगठन मंत्री भदोही राजेश शर्मा प्रभारी प्रयागराज

# अनिल शर्मा ने नालासोपारा में एक दिवसीय यात्रा कर की अपनो से शिष्टाचार मुलाकात




**नालासोपारा,** अनिल शर्मा ने नालासोपारा में एक दिवसीय दौरा कर अपनो से की शिष्टाचार मुलाकात सचिदानंद शर्मा वरिष्ठ समाज सेवक नालासोपारा, द्वारिका प्रसाद शर्मा समाज सेवक नालासोपारा, शिवशंकर शर्मा नालासोपारा, शिवा शर्मा नालासोपारा, जितेंद्र शर्मा नालासोपारा, व कई जगह अपनो के घर पहुंचकर ली कुशल क्षेम की जानकारी और लोगो को बताया मिलने जुलने से एकता में ताकत आयेगा और एक दूसरे से परिचित होने से एक दूसरे के सहयोग में खड़े रहेंगे इस लिए आपसी मिलना समाज के युवाओं को प्रेरणा देता है। सचिदानंद शर्मा के निवास स्थान पर किया गया चाय पर चर्चा।

# दुखो के साथी चंद्र भूषण शर्मा



कल दिनांक 3 मार्च को नई उम्मीद फाउंडेशन के उप कोषाध्यक्ष माननीय श्री रामनरेश चौहान जी कि माता जी अचानक तबियत खराब होने कि वजह से मालाड वेस्ट जान्हवी हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया पता चलने पर प्रयाग राज अध्यक्ष रवि भाई जी और कार्याध्यक्ष अजय जी और मैं भी पहुंच कर माता जी का हाल चाल लिया और ईश्वर से कामना किया गया कि माता जी जल्द से जल्द स्वस्थ हो और हम सब आपके साथ है।

# राजेश शर्मा संस्था संगठन मंत्री ने सामाजिक एकता पर दिए बल

**भदोही,** राजेश शर्मा भारतीय नाई कल्याण विकास सेवा सिमित संस्था संगठन मंत्री ने सामाजिक एकता को मजबूत बनाने के लिए दिन रात संघर्ष कर रहे है और कहा की भारतीय नाई कल्याण विकास



सेवा समिति माननीय संस्था राष्ट्रीय अध्यक्ष दिनेश चंद्र शर्मा जी से हम सभी को प्रेरणा लेना चाहिए जिन्होंने समाज को और संगठन को मजबूत बनाने के लिए पूरे जनपद सहित पूरे प्रदेश में लगातार मेहनत कर रहे है जिसका नतीजा यह है हम लोग कई जनपद में संगठन का विस्तार कर रहे है और सभी का सहयोग रहा तो पूरे प्रदेश में जन जन तक संघठन को पहुंचाने का काम करेगे।

# संस्था मंडल अध्यक्ष वाराणसी अवधेश शर्मा ने दी अपनो को संदेश

**जौनपुर,** अपनापन प्रवाह आदर और वक्त यह वह दौलत है जिसेसे बडा किसी को देने के लिए कोई उपहार नहीं होता दुआ कभी साथ नहीं छोड़ती और बद्दुआ कभी पीछा नहीं छोड़ती जो दोगे वही लौट कर आएगा फिर चाहे वह



इज्जत हो या धोखा दोस्त यार आशा सपना सेहत खुशियां और समय यही वह चीज हैं जो कोई भी व्यक्ति पैसे से भी नहीं खरीद सकता जिंदगी एक प्रोजेक्ट है रिश्ते टारगेट है औलाद इन्वेस्टमेंट है जवानी कमिटमेंट है बुढ़ापा अचीवमेंट है मित्रता सैलरी है और सैलरी को कोई नहीं भूलता जो वक्त के साथ बढ़ती ही जाती है पुरानी मित्रता पेंशन की तरह है जो मरने के बाद भी चलती रहती है कभी दिल माने तो करना मुलाकात हमारे साथ सस्ती चाय महंगी यादो के साथ पिलाकर भेजेंगे.

# सुनील श्रीवास्तव कल्याण के निवास स्थान पर सामाजिक चर्चा



**कल्याण,** सुनील श्रीवास्तव वरिष्ठ समाज सेवक कल्याण के निवास स्थान पर अखिल भारतीय सविता महासंघ के अध्यक्ष जे पी शर्मा, कार्याध्यक्ष अनंत लाल शर्मा, संपादक छोटेलाल शर्मा युवा समाज सेवक अनिल शर्मा ने पहुंचकर सुनील श्रीवास्तव जी से समाज को मजबूत बनाने व संगठन का विस्तार करने के लिए किया गया सामाजिक चर्चा और भारत सरकार द्वारा संचालित अपने समाज के लिए योजनाओं के लिए किया गया चर्चा और भारत रत्न जननायक कपूर्री जी के स्टेचू लगाने के लिए किया गया चर्चा।

# सामाजिक संगठन एम डब्ल्यू ओ ने कराया गरीब बेटी का विवाह

**अमावा (रायबरेली) :** ''साथी हाथ बढ़ाना, गरीब बेटी का ब्याह कराना।'' सामाजिक संगठन महापदमनंद वेलफेयर ऑगेर्नाइजेशन (एम डब्ल्यू ओ) रायबरेली जिला अध्यक्ष संदीप सविता की इस मार्मिक अपील पर समाज खड़ा हो गया। गरीबी व आर्थिक तंगी से परेशान जिले के अमावां ब्लाक के परिगंवा गांव निवासी शीतला प्रसाद सविता, शनिवार को जब बेटी स्वाती सविता के हाथ पीले हुए तो दिवंगत पत्नी को याद कर भावुक हो उठे। समाज व संगठन की गरिमामयी उपस्थिति और अभूतपूर्व सहयोग देखकर वे हतप्रभ रहे, खुशी उनके चेहरे से बरस रही थी। उन्होंने कभी यह सोचा भी नहीं था कि उनकी बेटी का विवाह इतनी धूमधाम से संपन्न होगा।

दिन में आयोजित इस वैवाहिक कार्यक्रम में पंडित आशीष शुक्ल ने हिन्दू रीति-रिवाज से विवाह सम्पन्न कराया। संगठन की प्रान्तीय कमेटी के पदाधिकारियों ने वर-वधू को सुखमय दाम्पत्य जीवन का आशीर्वाद दिया। जिला कमेटी ने बहुत ही व्यवस्थित तरीके से विवाह को सम्पन्न करा कर बेटी स्वाती को विदा किया। विदाई में गृहस्थी का सारा सामान भी दान स्वरूप भेंट किया। इस दौरान उपस्थित संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों के लिए सुविधा संपन्न लोगों को आगे आना चाहिए। मुख्य अतिथि प्रान्तीय अध्यक्ष घनश्याम शर्मा ने वर-वधू को आशीर्वाद दिया तथा उपस्थिति सभी लोगों का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संगठन के प्रांतीय उपाध्यक्ष रंजीत शर्मा,महासचिव शिवदयाल शर्मा,सचिव उदयराज शर्मा कार्यकारिणी सदस्य विजय कुमार शर्मा ने वरवधू को आशीर्वाद दिया।

संगठन के जिला अध्यक्ष संदीप सविता, संरक्षक सतीश शर्मा, कोषाध्यक्ष जितेंद्र वर्मा, डॉक्टर राजेश शर्मा, कृपा शंकर, पिंटू शर्मा, फूलचंद वर्मा, रमेश कुमार, कुलदीप वर्मा, विनोद गुप्ता, रितेश कुमार, छोटे सहित लोगों ने पूरे कार्यक्रम को जिम्मेदारी के साथ निभाते नजर आए। अमेठी जनपद से आए जिला संगठन मंत्री शिवकुमार शर्मा ने मौके पर संगठन को आर्थिक सहयोग प्रदान करते हुए जिला कमेटी रायबरेली की कमेटी के द्वारा आयोजित कार्यक्रम की प्रशंसा की। वही तिलोई ब्लॉक अध्यक्ष ऋषि वर्मा, आशीष शर्मा, संदीप शर्मा, अनुराग शर्मा विद्युत विभाग, सूरज शर्मा सहित सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।




यह साप्ताहिक मालिक, मुद्रक, प्रकाशक छोटेलाल शर्मा ने प्रचिता प्रिंट प्रा. लि. गाला नं.१३, मकाबा बिल्डिंग, एन. एम. जोशी मार्ग, भायखला (प.), मुंबई-४०००२७ से छपवाकर रुम नं. ३, सकला देवी चाल, राहुल मोटर ट्रेनिंग स्कूल के पास, नेहरू नगर, कांजूरमार्ग (पूर्व), मुंबई-४०००४२ महाराष्ट्र यहां से प्रकाशित किया। संपादकः छोटेलाल शर्मा (मो. ०९८१९८६२१७२) Email : kadamkadampar1@gmail.com